अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 15 मार्च 2024
फाल्गुन शुक्ल षष्ठी
विक्रम संवत 2080

PAGE NO : 19 BOTTOM

साईं एकेडमी और एसआरएमएस किंग्स की टीमें सेमीफाइनल में

एसआरएमएस किंग्स के बल्लेबाज शिव कुमार राठी को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देतीं श्वेता छावड़ा व आदित्य मूर्ति। स्रोत: संस्था

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को दो मैच खेले गए। पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला साईं एकेडमी और एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ।

साईं एकेडमी की टीम ने 20 ओवर में 115 रन बनाए। जवाब में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीम 109 रनों पर ढेर हो गई। इसमें लकी मैन ऑफ द मैच चुने गए।

दूसरे मुकाबले में अफरीदी क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 162 रन बनाए। एसआरएमएस किंग्स के आदर्श शर्मा ने अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का लगाया अपनी टीम को तीन विकेट से जीत दिलाई। शिव कुमार राठी मैन ऑफ द मैच चुने गए। संवाद